

## एक नजर में

### रोमांच से भरपूर मुकाबले में 27 क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत, 1 विकेट से जावरा क्रिकेट अकादमी को हराया



**पिपलियामण्डी।** रविवार को स्थानीय क्रिकेट मैच में रोमांचक और कांटे की टक्कर वाला मुकाबला देखने को मिला, जहां कोच विनय नेकाड़ी के नेतृत्व में ड़27 क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जावरा क्रिकेट अकादमी को मात्र 1 विकेट से हराकर यादगार जीत दर्ज की।30-30 ओवर के इस मुकाबले में आखिरी गेंदों तक जीत-हार का फैसला टलता रहा, जिससे दर्शकों की सांसें थम सी गई थी। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए जावरा क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 30 ओवरों में 202 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।जावरा के बल्लेबाजों ने संयमित शुरुआत के बाद मध्यक्रम में तेज रन बटोरते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।हालांकि, 27 के गेंदबाजों ने समय-समय पर विकेट लेकर विपक्षी टीम की रफ्तार पर अंकुश बनाए रखा।27 क्रिकेट अकादमी की ओर से उदित जैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। वहीं शुभ गर्ग और निलय पटवा ने 2-2 विकेट लेकर टीम को मजबूती दी, जबकि अनय पोरवाल ने भी 1 विकेट हासिल कर अहम योगदान दिया।203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ड़27 क्रिकेट अकादमी की शुरुआत सामान्य रही, लेकिन जल्द ही कुछ विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। ऐसे समय में जयदीप राठौर ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 59 रन बनाए और टीम की उम्मीदों को बनाए रखा। उनके साथ वैभव माली ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 54 रन जोड़े और साझेदारी के जरिए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। मध्यक्रम में गोलू राठौर ने 25 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि दीपेश गुर्जर (12 रन) और मोहित माली (13 रन) ने भी महत्वपूर्ण समय पर योगदान देकर मैच को रोमांचक बना दिया। अंतिम ओवरों में मुकाबला बेहद तनावपूर्ण हो गया, जहां हर रन के लिए संघर्ष देखने को मिला। आखिरकार ड़27 क्रिकेट अकादमी ने 28 .3 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

### सेन समाज संगठन ने किया व्यास और चौहान को मनोनीत

**मंदसौर।** सामाजिक संगठन जिला सेन समाज की की एकता मजबूती के लिए पवन व्यास को सेन प्रकल्प धार्मिक आयोजन संघ के जिला संयोजक व हेयर सैलून संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान बरखे?। डॉगी को नियुक्त किया गया। यह नियुक्तियां जिला सेन समाज संगठन के अध्यक्ष बलराम राठौर ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते की गई जिसमे अफजलपुर के पवन व्यास को प्रकल्प धार्मिक आयोजन संघ के जिला संयोजक तथा हेयर सैलून संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान बरखे?। डॉगी का मनोनीत किया गया है।जिला सेन समाज संगठन के सचिव अशोक परमार डिकोला ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बताया है कि श्री व्यास एवं श्री चौहान वर्षो से सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर सामाजिक कार्य कर रहे एवं ये सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं को जागरूक कर रहे है। श्री परमार ने बताया की श्री व्यास एवं श्री चौहान जिला सेन समाज जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन मे सामाजिक संगठन को जागरूकता के साथ आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत होकर समाज को एकजुट रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे जिला संगठन के निदेर्शनुसार अपनी अपनी जला कार्यकारणीयों मे सक्रिय समाजजनों को नियुक्ति करगें।

## मन की बात का 133वां एपिसोड मंदसौर में लोगों ने सुना

▶ जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ सुना प्रधानमंत्री का संदेश



**मंदसौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड का रविवार को जिलेभर के अधिकांश बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान भाजपा के जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ कार्यक्रम सुनकर प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली।**

सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर विधानसभा के ग्रामीण मंडल अंतर्गत ग्राम साबाखेड़ा के बूथ क्रमांक 37 पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर विष्णु गायरी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, समाज के उत्थान और जनभागीदारी के महत्व पर रखे गए विचारों को प्रेरणादायक बताया गया।

इसी क्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने मंदसौर नगर के वार्ड क्रमांक 5, बूथ 89 पर बोहरा समाजजनों के साथ सामूहिक श्रवण किया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में जनसहभागिता, सेवा, समर्पण और नवाचार की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। साथ ही जनगणना से जुड़ी जानकारी को भी उपयोगी बताया।

कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला मंत्री जगदीश गुर्जर, जिला सहकोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, पार्षद आशीष गौड़, श्रीमती सुनीता भावसार, श्रीमती सुनीता गुजरिया, भाजपा नेत्री जेहरा बेन पानवाला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मल्हारगढ़ विधानसभा के सूंठोद ग्राम (बूथ क्रमांक 52) पर मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय एवं कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना।वहीं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने वार्ड 125 में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ श्रवण किया। पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भानपुरा मंडल के ग्राम आमझरी में वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम से जुड़कर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।जिले के विभिन्न मंडलों के बूथों पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में 'मन की बात' को समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनजागरण का सशक्त माध्यम बताया।



### अंजनी नदी कायाकल्प अभियान : 7वें दिन श्रमदान से निकाली गाद, जनसहभागिता पर जोर

**गरोठ।** नगर की प्राचीन अंजनी नदी को स्वच्छ एवं पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चल रहे कायाकल्प अभियान के तहत रविवार को सातवें दिन व्यापक स्तर पर श्रमदान किया गया। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चले इस अभियान में नदी से मिट्टी और गाद निकालने का कार्य किया गया, जिससे नदी की साफ-सफाई और बहाव को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए।

नगर परिषद के मार्गदर्शन में चल रहे इस गंगा जल संवर्धन अभियान को नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों का लगातार सहयोग मिल रहा है। सातवें दिन संकल्प सेवा न्यास गरोठ के तत्वावधान में न्यासीगण, समाजसेवी नागरिकों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नदी तट पर स्वच्छता कार्य किया।

अभियान में शामिल लोगों ने नगरवासियों एवं विभिन्न संस्थाओं से आह्वान किया कि वे इस पुनीत कार्य से जुड़कर अंजनी नदी को उसके प्राचीन स्वरूप में लौटाने के प्रयासों में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्रहित का कार्य है, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। नगर परिषद एवं जागरूक संगठनों के संयुक्त प्रयास से चल रहे इस अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।आयोजकों का मानना है कि यदि इसी तरह जनसहयोग मिलता रहा, तो आने वाले समय में अंजनी नदी का स्वरूप पूरी तरह बदलकर एक स्वच्छ और सुंदर धरोहर के रूप में सामने आएगा।



### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन

**मंदसौर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के आखिरी रविवार को सारे देश में ध्वज वंदन किया जाता है। इसी सन्दर्भ में मंदसौर में भी आखिरी रविवार को ध्वज वंदन किया गया। ध्वज वंदन की शुरुआत राष्ट्गीत वन्दे मातरम से हुई।

इस अवसर पर सेवादल के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार देवड़ा ने कहा कि सेवादल कांग्रेस के री? की हड्डी है। सेवादल की स्थापना देश की आजादी के लिए हुई थी। आजादी से लेकर देश के नवनिर्माण में सेवादल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह मनी, जिला संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी और ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने भी संबोधित करते हुए सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से अजय लोढ़ा, एन एस यू आई के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बसेर,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष खलील शेख,राजेन्द्र सेठिया, सेवादल जिला उपाध्यक्ष मोहन पुरी,जिला उपाध्यक्ष सेवादल दशरथ राठौर, सेवादल ब्लॉक उपाध्यक्ष अशोक राव, सेवादल के ?अमित छाबड़ा, सुनील गुप्ता, राजेश नाहर, विश्वनाथ सोनी, अकरम खान, महिला नेत्रियों में सेवादल महिला विंग जिला अध्यक्ष योगिता बैरागी, जिला सेवादल उपाध्यक्ष वर्षा धोसरिया सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

एक नजर ▶ मंदसौर में नदी शुद्धिकरण अभियान का 101वां दिन

## शिवना शुद्धिकरण : जनजागरण का बना माध्यम



**मंदसौर।** शहर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से चल रहा शुद्धिकरण अभियान अब जनजागरण का एक प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। रविवार को अभियान के 101वें दिन श्रमदानियों ने नदी किनारे फैली गंदगी साफ की, प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया और नदी के भीतर जमा अपशिष्ट को बाहर निकालते हुए लगभग एक ट्राली कचरा निकाला।

लगातार 101 दिनों से चल रहे इस अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। जहां पहले शिवना नदी जलकुंभी, प्लास्टिक और प्रदूषण से जूझ रही थी, वहीं अब उसकी स्थिति में सुधार दिखाई दे रहा है। इस बदलाव को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे सामूहिक प्रयासों की सफलता बताया है।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता फैलाने का एक मजबूत माध्यम बन चुका है। उन्होंने बताया कि आगामी 1 मई को इस अभियान के एक वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इस अवसर को विशेष रूप से मनाने के लिए आमजन से अपील की गई है कि वे प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक श्रमदान में शामिल होकर इस जनहित कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। रविवार को आयोजित श्रमदान में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, महिला नेत्रियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित जनों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि इसी तरह जनसहयोग मिलता रहा तो आने वाले समय में शिवना नदी पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर रूप में नजर आएगी, जो पूरे शहर के लिए गर्व का विषय होगा।

# नीमच

## एक नजर में

### पिपलोन में बड़ा हादसा टला, तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर चबूतरे से टकराया, ट्रॉली पलटी



**नीमच।** मनासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलोन में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मकान के पास बने चबूतरे से टकरा गया, जिससे ट्रॉली पलट गई और मिट्टी सड़क पर फैल गई। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर प्रतिदिन की तरह पोखरदा की ओर से पिपलोन होते हुए मनासा की तरफ आ रहा था। इसी दौरान चालक रामलाल पिता मांगीलाल भील द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के कारण ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर पिपलोन निवासी उदयराम माली के मकान के पास पहुंचा और वहां बने चबूतरे से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर संतुलन खो बैठा और ट्रॉली मौके पर ही पलट गई। हादसे के समय आसपास मौजूद लोग घबरा गए और मौके पर पहुंच गए। चालक ट्रैक्टर से खुद ही सुरक्षित बाहर निकल आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसे गंभीर चोट नहीं आई है, जबकि चबूतरे को आंशिक नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तेज गति से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### जल गंगा संवर्धन अभियान : नीमच जिले की 114 ग्राम पंचायतों में जल चौपाल आयोजित



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में 21 अप्रैल 2026 से 2 मई 2026 तक जिले की समस्त 243 ग्राम पंचायतों में जल चौपाल के आयोजन हेतु कैलेंडर तैयार कर प्रत्येक जल चौपाल के लिए नोडल अधिकारी नामांकित किए गए हैं। अभियान प्रारंभ से अभी तक 114 ग्राम पंचायतों में जल चौपाल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इनमें ग्रामीणों एवं कृषकों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। जल चौपाल के उपरांत गांव की एक-एक जल संरचना को जन-भागीदारी से गहरीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मनरेगा अंतर्गत गत वर्षों के प्रगतिरत जल संचयन कार्यों, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज एवं अमृत सरोवरों के कार्यों को पूर्ण करने का अभियान भी संचालित किया जा रहा है।





## गंदे वॉटर कूलर और सूखी जल व्यवस्था से मरीज-परिजन परेशान

▶ जिला चिकित्सालय में लापरवाही उजागर

**नीमच। जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं और लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने अस्पताल प्रबंधन और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल परिसर में लगे वाटर कूलर, जिनसे स्टाफ और मरीज पानी पीते हैं,उनकी हालत बेहद खराब पाई गई है।**

एक वाटर कूलर के खराब होने पर जब उसका ढक्कन हटाकर देखा गया, तो अंदर गंदगी और कचरे का अंबार मिला। यह स्थिति न केवल लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि मरीजों और कर्मचारियों की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।इतना ही नहीं, नगर पालिका द्वारा विधायक निधि से उपलब्ध कराया गया वाटर प्यूरिफायर एवं कूलिंग वाटर टैंकर भी केवल शोपीस बनकर रह गया है। अस्पताल परिसर में खड़ा यह टैंकर लंबे समय से बिना उपयोग के पड़ा है। न तो इसकी नियमित सफाई की जा रही है और न ही इसमें पानी भरा जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव स्थिति को और गंभीर बना रहा है।

अस्पताल के बाहर नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत दो पानी की नांद लगाई गई थीं, लेकिन इन्हें लगाने के दिन के बाद से अब तक दोबारा नहीं भरा गया। नतीजा, यह नांद भी केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में दानदाताओं द्वारा लगाए गए वाटर कूलरों की भी उचित देखरेख नहीं की जा रही है। साफ-सफाई और मेंटेनेंस की कमी के चलते इनका उपयोग करना भी जोखिम भरा हो गया है।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अस्पताल प्रबंधन और नगर पालिका इस गंभीर समस्या को लेकर क्यों उदासीन हैं। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई कर व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

### 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह 29 अप्रैल को सेवा, सहयोग और सनातन संस्कृति का संगम

**नीमच। सनातन संस्कृति, सामाजिक सहयोग और सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री राणी सती दादी मंदिर ट्रस्ट बघाना, अन्नपूर्णा सेवा न्यास तथा श्री नानी बाई मायरा उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 अप्रैल 2026 को एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सनातन समाज की 31 कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान और गरिमा के साथ संपन्न कराया जाएगा।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7 बजे माहेश्वरी भवन से वर-वधू एवं उनके परिजनों के आगमन के साथ होगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे शहर के प्रमुख मार्गों से आकर्षक बिंदोली एवं चल समारोह निकलेगा। इस दौरान घोड़े-बग्गी, बैंड-बाजे और पुष्पवर्षा के साथ उत्सवमय वातावरण देखने को मिलेगा।

मुख्य विवाह समारोह दादीधाम मंदिर प्रांगण, बघाना में आयोजित होगा, जहां प्रात: 11रू30 बजे वरमाला तथा दोपहर 12रू15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न होंगे। इसके बाद प्रसादी, विदाई एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

> गौरतलब है कि गत वर्ष भी अन्नपूर्णा सेवा न्यास द्वारा 11 कन्याओं का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया था। इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य एवं व्यापक रूप दिया जा रहा है, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देने की अपील की है।

अन्नपूर्णा सेवा न्यास के संयोजक राकेश जैन ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत देना है, ताकि कोई भी पिता अपनी बेटी के विवाह के लिए कर्ज लेने को विवश न हो। प्रत्येक वधू को लगभग 75 हजार रुपये की उपयोगी सामग्री भेंट कर उनके नए जीवन की सशक्त शुरुआत सुनिश्चित की जाएगी।

एक नजर ▶ थ्री-लेयर सुरक्षा में 72 .90 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, बेल्ट-अंगूठियां उतरवाईं

## मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की दूसरी पाली में गिरा उपस्थिति का ग्राफ





**नीमच।** जिले में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को संपन्न हुई। जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी के बीच आयोजित इस परीक्षा में कुल 882 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 644 उपस्थित हुए। इस दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए, जिसके चलते कई अभ्यर्थियों को अपने बेल्ट और अंगूठियां बाहर ही उतारनी पड़ीं।

**त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा**-पीजी कॉलेज केंद्र प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था। इसमें मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आंखों की स्क्रीनिंग की गई। ई-प्रवेश पत्र पर अंकित फोटो का परीक्षार्थी के चेहरे से मिलान करने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

अभ्यर्थियों को धूप और गर्मी से बचाने के लिए केंद्र के बाहर टेंट की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों के निजी सामान जैसे मोबाइल और पर्स रखने के लिए अलग से काउंटर भी बनाए गए थे। परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें पहली शिफ्ट सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक चली।

**दूसरी पाली में कम रहे परीक्षार्थी**-उपस्थिति के आंकड़ों के अनुसार, शासकीय पीजी कॉलेज में आवंटित 450 परीक्षार्थियों में से पहली पाली में 327 और दूसरी पाली में 326 उपस्थित रहे। इसी प्रकार, उत्कृष्ट विद्यालय में 432 परीक्षार्थियों में से पहली पाली में 317 और दूसरी पाली में 316 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिले में कुल उपस्थिति का प्रतिशत 72.90 रहा।

दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए पीजी कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर विशेष कक्ष की व्यवस्था की गई थी, ताकि उन्हें आवागमन में कोई असुविधा न हो। पूरे जिले में कुल 11 कक्षाओं में लगभग 35 फैकल्टी सदस्यों ने परीक्षा संपन्न करवाई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार केंद्रों का भ्रमण करती रही, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहें। अभ्यर्थियों को केवल काला बॉलपेन, पारदर्शी पानी की बोतल और मूल पहचान पत्र ले जाने की अनुमति थी, जबकि अन्य सभी सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।